# उच्चतर शिक्षा निदेशालय,

## हिमाचल प्रदेश, शिमला – 171001

## प्रैस विज्ञप्ति

*छात्र/छात्राएं को दिया जा रहा है आखरी मौका,कृपया शीघ्रता करें! राज्य के पात्र छात्र/छात्राओं द्वारा (जो राज्य में या राज्य से बाहर के किसी सरकारी/सरकारी अनुदान प्राप्त/सम्बद्धः विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय/व्यवसायिक या तकनीकि शिक्षा संस्थान/अन्य निजी संस्थान में कक्षा नौवीं में या इससे आगे अध्ययनरत हों), योग्यता/निष्पादन में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, वर्ष 2014–15 में राज्य सरकार के आदेशानुसार, विभाग द्वारा वेबसाईट को 09.02.2015 से 14.02.2015 तक पुनः खोलने जा रही है तथा छात्र/छात्राएं "डा0 अम्बेदकर मेधावी छात्रवृति योजना", "स्वामी विवेकानन्द छात्रवृति योजना", "ठाकुर सेन नेगी उत्कृष्ट छात्रवृति योजना", "महर्षि बाल्मीकि छात्रवृति योजना", "इन्दिरा गांधी उत्कृष्ठ छात्रवृति योजना", "कल्पना चावला छात्रवृति योजना", "मुख्य मन्त्री प्रात्साहन योजना", ""आई0आर0डी0पी0 छात्रवृति योजना", "राष्ट्रीय इडियन मिलिट्री कालेज (आर0आई0एम0सी0) छात्रवृति योजना", "सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा छात्रवृति याजना", "राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन0डी0ए0) खडकवासला (पूना) छात्रवृति योजना", अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति की छात्राओं को वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक शिक्षा के लिए अनुदान (एन0एस0आई0जी0एस0ई0)", "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पूर्व–मेट्रिक व मैट्रिकोत्तर छात्रवृति योजना", "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति के छात्र/छात्राओं को योग्यतास्तर बढ़ाने की योजना", तथा ऐसी ही अन्य राज्य एवम् केन्द्रीय प्रायोजित छात्रवृति योजनाओं के अन्तर्गत, निम्न सारणी में दर्शाई गई नियत तिथि अनुसार, ई–पास वेबसाईट **http://hpepass.cgg.gov.in** पर, छात्रवृति/आर्थिक सहायता हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के लिए।*

*ई–पास वैबसाईट के माध्यम से छात्रवृति के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करवाने की सारणी निम्न प्रकार है: –*

| क्र0 सं0 | कार्य | नियत तिथि |
|---|---|---|
| 1. | छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृति हेतु पंजिकरण करवाने की पुनः आरम्भ तिथि। | 09–02–2015 |
| 2. | नये संस्थानों द्वारा छात्रवृति हेतु पंजिकरण करवाने की अंतिम तिथि। 09–02–2015 से पहले या 14–02–2015 से बाद प्राप्त पंजिकरण आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।<br>(पंजिकरण आवेदन पत्र **http://hpepass.cgg.gov.in** पर उपलब्ध हैं) | 14–02–2015 |
| 3. | संस्थान द्वारा आवेदन पत्रों की ऑनलाईन जांच/सत्यापन करने की अंतिम तिथि। | 16–02–2015 |
| 4. | सरकारी एवं निजी विद्यालयों द्वारा "Verified Candidate List(s)" तथा आवेदन पत्रों की विधिवत हस्ताक्षरित मुद्रित प्रतियां सम्बन्धित उप शिक्षा निदेशक को जमा करवाने की अंतिम तिथि। | 18–02–2015 |
| 5. | राज्य के सरकारी महाविद्यालयों द्वारा "Verified Candidate List(s)" की विधिवत हस्ताक्षरित मुद्रित प्रतियां इस निदेशालय को जमा करवाने की अंतिम तिथि। राज्य के सरकारी महाविद्यालय आवेदन पत्रों की मुद्रित प्रतियां अपने पास ही रखें। | 20–02–2015 |
| 6. | राज्य के निजी महाविद्यालयों; राज्य से बाहर के सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों तथा राज्य के या राज्य से बाहर के सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों/व्यवसायिक या तकनीकि शिक्षा संस्थानों/अन्य मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों द्वारा **"Verified Candidate List(s)"** तथा आवेदन पत्रों की विधिवत हस्ताक्षरित मुद्रित प्रतियां इस निदेशालय को जमा करवाने की अंतिम तिथि। | 20–02–2015 |
| 7. | उप शिक्षा निदेशक द्वारा ऑनलाईन जांच/सत्यापन करने की अंतिम तिथि। | 20–02–2015 |
| 8. | उप शिक्षा निदेशक द्वारा "Verified Candidate List(s)" की विधिवत हस्ताक्षरित मुद्रित प्रतियां इस निदेशालय को जमा करवाने की अंतिम तिथि।<br>(उप शिक्षा निदेशक निजी विद्यालयों के ऑनलाईन आवेदन पत्रों की विधिवत हस्ताक्षरित मुद्रित प्रतियां अपने कार्यालय में रखें तथा शेष सम्बन्धित विद्यालयों को वापिस भेज दें।) | 24–02–2015 |

*NOTE:* *PLEASE NOTE THAT NO DATE WOULD BE EXTENDED FURTHER IN THIS ACADEMIC YEAR, i.e. 2014-15. STUDENTS SHALL BE RESPONSIBLE FOR NOT FILLING UP THE FORM AND NON-AWARD OF SCHOLARSHIP.*

*अल्प सख्यंक छात्रवृति योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी के लिए **http://www.momascholarship.gov.in/** वेबसाईट पर लॉगऑन करें विकलांग छात्रवृति योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी के लिए **http://nhfdc.nic.in/** वेबसाईट पर लॉगऑन करें तथा अन्य राज्य एवम् केन्द्रीय प्रायोजित छात्रवृति योजनाओं से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए छात्रवृति से सम्बन्धित, ई–पास वेबसाईट **http://hpepass.cgg.gov.in** या इस निदेशालय की वेबसाईट **www.educationhp.org** पर लॉगऑन करें।*

शिक्षा निदेशालय उच्चतर
10 FEB 2015
शिमला

शिक्षा निदेशक उच्चतर,
हिमाचल प्रदेश।

पृष्ठांकन सं0 ई0डी0एन0–एच (10)ए(7)2 / 2009–प्रैस विज्ञप्ति — दिनांक: 9th फरवरी, 2015

प्रतिलिपियां : –

1. निदेशक, आकाशवाणी केन्द्र, शिमला।
2. निदेशक, दूरदर्शन केन्द्र, शिमला।
3. सम्पादक, दैनिक भास्कर समाचार पत्र, शिमला।
4. सम्पादक, अमर उजाला समाचार पत्र, शिमला।
5. सम्पादक, आपका फैसला समाचार पत्र, शिमला।
6. सम्पादक, पंजाब केसरी समाचार पत्र, शिमला।
7. सम्पादक, दैनिक जागरण समाचार पत्र, शिमला।
8. सम्पादक, दैनिक सवेरा समाचार पत्र, शिमला।
9. सम्पादक, दिव्य हिमाचल समाचार पत्र, शिमला।
10. सम्पादक, हिमाचल दस्तक समाचार पत्र, शिमला।
11. सम्पादक, सिटी चैनल न्यूज़, शिमला।
12. सम्पादक, चैनल 9 न्यूज़, शिमला।
13. तकनीकि अधिकारी, आई.टी. सैल से अनुरोध है कि, उक्त प्रैस विज्ञप्ति को विभाग की वैबसाईट पर अकिंत करने की कृपा करें।
14. ई–पास प्रभारी, शिक्षा निदेशालय (उच्चतर), हि0प्र0, से अनुरोध है कि, उक्त प्रैस विज्ञप्ति को ई–पास वैबसाईट पर अकिंत करने की कृपा करें।

शिक्षा निदेशक उच्चतर,
हिमाचल प्रदेश।